**दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**गोरखपुर-273001**
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2023–24 दिनांक : 29.03.2024

## प्रकाशनार्थ

## उपन्यास के मुख्य पात्र के आत्म अन्वेषण एवं परिपक्वता की यात्रा है 'बिलडंग्सरोमन'– डॉ. प्रफुल्ल कुमार राय,

**दिनांक 29.03.2024 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा ''द बिलडंग्सरोमन इन विक्टोरियन फिक्सन' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन** किया गया। जिसमें **मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रफुल्ल कुमार राय, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, दीनानाथ राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरिया ने** अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'बिलडंग्सरोमन' विक्टोरियन युग में लिखे गये उपन्यासों में सबसे ज्यादा प्रचलित रहा। डॉ. राय ने कहा कि 'बिलडंग्सरोमन' उपन्यास के मुख्य पात्र के आत्म–अन्वेषण एवं परिपक्वता की यात्रा है, जो कि मुख्य पात्र अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों से उस यात्रा को तय करता है। इस प्रकार का उपन्यास मुख्य पात्र के बचपनावस्था से वयस्क (प्रौढ़ावस्था) के विषय में बतलाता है। इस क्रम में अपने विचार साझा करते हुए डॉ. राय ने कहा कि 'बिलडंग्सरोमन' उपन्यासों की चर्चा किये बिना विक्टोरियन युग के दौरान लिखे गये उपन्यासों की चर्चा अपूर्ण रह जाती है। चार्ल्स डिकेन्स द्वारा लिखे गये कालजयी रचना 'ओलिवर ट्विस्ट', 'डेविड कॉपरफिल्ड', 'ग्रेट एक्सपेक्टेशन्स' के मुख्य पात्रों के माध्यम से 'बिलडंग्सरोमन' की अवधारणा के विषय में अंग्रेजी विभाग के छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही साथ विक्टोरियन युग के उपन्यासकार शॉर्लट ब्रोन्ट के 'जेन आयर', जार्ज इलियट के 'द मिल ऑन दी फ्लाश' एवं टॉमस हार्डी के 'जूड दी आब्सक्योर' पर भी सम्यक प्रकाश डालते हुए विचारोत्तेजक बातें कहीं। इस अवसर पर **महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।**

**कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि परिचय डॉ. पीयूष कुमार सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, आभार ज्ञापन आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक, प्रो. परीक्षित सिंह** ने किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. श्याम सिंह, **डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. सुजीत शर्मा, डॉ. राकेश कुमार एवं महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के** विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क